बरेली, रविवार
7 दिसंबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4+4=24

दैनिक जागरण inext

PAGE NO.- 06 : BOTTOM

# न्यू जनरेशन टीम को 370 रनों से हराया

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (6 Dec):** रवींद्रनाथ टैगोर एकेडमी परिसर कैंट में अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार का मुकाबला एकतरफा रहा. एसआरएमएस जूनियर और न्यू जनरेशन क्रिकेट टीम के बीच मुकाबला हुआ. न्यू जनरेशन ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया जो उनके लिए घातक साबित हुआ. एसआरएमएस ने आक्रामक शुरुआत करते हुए बड़ा स्कोर खड़ा किया. एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी की ओर से दिव्यांश दिवाकर ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 100 गेंदों में 142 रन ठोके. उनकी पारी में चौकों-छक्कों की बरसात देखने को मिली. उनके साथ रिजवान ने 88 और विरल भटनागर ने 73 रनों का योगदान दिया, जिससे टीम ने निर्धारित 40 ओवर में 416 रन का स्कोर खड़ा किया. न्यू जनरेशन की ओर से असद अंसारी ने सर्वाधिक तीन विकेट लेकर संघर्ष की मिसाल पेश की. इतने बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यू जनरेशन की टीम दबाव झेल न सकी और 47 रनों पर ढेर हो गई.